nandgaon times may-11-2.qxd 5/10/2024 11:57 PM Page 1

टाका घर व्यावसायिक परिसर के... पृष्ठ 2 | आयुक्त ग्रामीण वार्ड लखोली के... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शनिवार, 11 मई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 208, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए





।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


## मुझे जीते जी और मरने के बाद भी जमीन में गाड़ नहीं पाओगे: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के प्रचार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नंदुरबार में चुनावी रैली को संबोधित किया। एक तरफ जहां उन्होंने कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी पर जमकर हमला बोला। वहीं, पीएम मोदी ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के उन्हें जमीन में गाड़ देने वाली धमकी पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ये लोग मोदी को जीते हुए भी और मरने के बाद भी जिंदा नहीं गाड़ पाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' और दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना है, जो मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टीकरण का पूरा ध्यान रखते हैं, मोदी की क्रब खुदेगी, मोदी को जिंदा गाड़ देंगे और इसमें भी वोट बैंक को पसंद आए, क्या वही गाली दागोगे। मुझे यह सोचकर दुख होता है कि बाला साहेब ठाकरे को कितना दुख होता होगा। अब तो ये नकली शिवसेना वाले बम धमाके के दोषी को भी अपने साथ प्रचार में ले जाने लगे हैं। बिहार में चारा चोरी में जेल की सजा काटने वाले व्यक्ति को कंधे पर बैठाकर घूम रहे हैं, महाराष्ट्र में बम धमाके के दोषी को कंधे पर बैठाकर घूम रहे हैं। ऐसे



पापियों को साथ लेकर जिनको चलना पड़ रहा है, इन लोगों के विषय में 50 बार सोचना पड़ता है। इसलिए, कोई बड़ी बात नहीं है कि उन्हें मुझे जमीन में गाड़ने के सपने दिख रहे हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा, ये लोग जनता का साथ और जनता का विश्वास गंवा चुके हैं। इनकी अपनी सियासी जमीन खिसक चुकी है। लेकिन, यह भूल रहे हैं कि भारत की 140 करोड़ जनता मेरी रक्षक है। यह मातृत्व शक्ति मेरा रक्षा कवच है, मुझ पर मातृत्व शक्ति का इतना आशीर्वाद है कि ये लोग मोदी को जीते हुए भी और मरने के बाद भी जिंदा नहीं गाड़ पाएंगे। उन्होंने रैली में शरद पवार का बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा, महाराष्ट्र के एक दिग्गज नेता, जो 40-50 साल से राजनीति कर रहे हैं, बारामती के चुनाव के बाद उन्होंने एक बयान दिया है। वो इतने हताश और निराश हो गए हैं कि उनको लगता है कि अगर 4 जून के बाद राजनीतिक जीवन में टिके रहना है, तो छोटे-छोटे राजनीतिक दलों को कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। इसका मतलब है कि नकली एनसीपी और नकली शिवसेना ने कांग्रेस में मर्जर करने का मन बना लिया है।

## 40 दिन की न्यायिक हिरासत के बाद तिहाड़ जेल से रिहा हुए केजरीवाल





**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले में 40 दिनों तक जेल में रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 जून तक अंतरिम जमानत दिए जाने के कुछ ही घंटों बाद दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया। अदालत के निर्देशानुसार, जेल अधीक्षक की संतुष्टि के लिए इतनी ही राशि की एक जमानत राशि के साथ 50,000 रुपये के जमानत बॉन्ड उनकी रिहाई से पहले जमा किए गए। केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। वो तिहाड़ जेल नंबर 2 में बंद थे। वह 31 मार्च तक ईडी की हिरासत में रहे और 1 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और वरिष्ठ आप नेता मुख्यमंत्री की रिहाई के समय तिहाड़ जेल के बाहर थे। इसके अलावा सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय और आतिशी और कई कार्यकर्ता भी जेल के बाहर खड़े थे। आप कार्यकर्ताओं ने अरविंद केजरीवाल की तस्वीर वाले झंडे लेकर नारेबाजी की और मिठाइयां बांटीं।

## माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट द्वारा पांचवी तक के बच्चों को ब्रस और टूथपेस्ट दिए गए

**दिल्ली ( नांदगांव टाइम्स )।** माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा आज दिल्ली के MCD स्कूल no.1 मदनगिर में पांचवी तक के बच्चों को



ब्रस और टूथपेस्ट दिए गए और साथ ही साथ बच्चों को गेम्स और व्यायाम भी कराया गया,दांतों की बीमारी से सम्बंधित परेशानी समझा कर सभी बच्चों को सफाई के लिए प्ररित किया गया,सभी बच्चों ने खेल और व्यायाम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और बच्चों ने खूब एंजॉय किया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य जी श्री जगवीर सिंह मीना जी, श्रीमती प्रेमलता, श्री प्रभु लाल मीना, श्रीमती सुनीता जी व विद्यालय सहायक सतपाल जी ने अपना सहयोग दिया।

## पुलिस थाना डोंगरगांव में हुआ विदाई समारोह का कार्यक्रम

### जीवन की 38 साल सेवा के पश्चात आज पुलिस विभाग की नगर सैनिक पद से सेवानिवृत्त हुआ

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री



दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व क्षेत्र मे पुलिस स्थाना स्टॉफ डोंगरगांव के उपस्थिती मे थाना डोंगरगांव मे पदस्थ नगर सैनिक श्री हेमलाल साहू जी , एवं प्रेमलाल यादव जी का सेवानिवृत्त की विदाई समारोह का कार्यक्रम रखा गया जिसमे , उपनिरी0 लाभाराम ध्रुव के द्वारा आशीष वजन के रूप मे श्री हेमलाल साहू जी , एवं प्रेमलाल यादव जी को जीवन के कढानाईयों को अपने सरल स्वभाव से सुलझाने , सउनि ईश्वर प्रसाद यादव ने ङ्क उनके स्वस्थ जीवन की , सउनि रविशंकर पैकरा ने- पुलिस स्टॉफ के साथ सदैव मित्र भाव की , प्र0आर0 प्रकाश चंद्रवंशी ने ङ्क परिवारीक जीवन मे शांतिपुर्ण समय की व्यतित करने , प्र0आर0 1052 बद्रीनाथ दिनकर ने एक सार्थक जीवन की कामना एवं स्टॉफ के द्वारा के द्वारा उनके सरल स्वभाव , लगन मेहनत , ईमानदारी , कर्तव्य निष्ठा की सम्मान करते हुये एक एक उचित एवं सार्थक जीवन के रूप मे उज्जवल भविष्य की कामना की गई एवं श्री हेमलाल साहू जी , एवं प्रेमलाल यादव जी द्वारा अपने जीवन की 35-38 साल तक निरंतर कार्यरत होकर सेवा दी जिसके लिये विदाई के रूप मे श्रीफल एवं साल भेंट कर सेवानिवृत्त की हार्दिक बधाई देते हुये भविष्य मे स्वस्थ जीवन की कामना करते है ।

## पीडिया इलाके में नक्सलियों से मुठभेड़ जारी

**बीजापुर।** नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। गंगालूर थाना क्षेत्र के पीडिया इलाके में लगातार मुठभेड़ी जारी है। सूचना मिलने पर जवानों की संयुक्त टीम गुरुवार रात को ही सर्चिंग के लिए निकल गई थी। जिसके बाद शुक्रवार की सुबह से माओवादियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ चल रही है। इसको लेकर एसपी ने बताया कि, मुठभेड़ चल रही है और जवानों से संपर्क होने पर ही पूरी जानकारी दी जाएगी। बता दें, कुछ महीने पहले पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया था। मारे गए नक्सलियों की लाश के साथ हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए थे। इतना ही नहीं जवानों ने नक्सलियों के कैंप को भी ध्वस्त किया था।

## अक्ती तिहार पर रचाई गुड्डे-गुड़िया की शादी विवाह गीत पर बच्चों के साथ बड़े भी झूमे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अक्षय तृतीया अक्ती का पर्व घरों में पूजा अर्चना कर मनाया गया वहीं किसानों ने घरों व मंदिरों में जाकर अक्षय तृतीया पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।बैशाख शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि अक्षय तृतीया पर्व पर छोटे बच्चों ने घरों में गुड्डे गुड़ियो विधिविधान से विवाह रचाकर पाणिग्रहण का आयोजन किया। उनके द्वारा घर में ही गुड्डे गुड़ियों को मायका और ससुराल बनाकर विवाह रचाया गया जिसमें पूरे रीति रिवाज के साथ अक्षय तृतीया पर गांव-गांव में बच्चों ने पूरे विधि विधान से गुड्डा गुड़ियों का विवाह रचाया। अक्षय तृतीय जिसे छत्तीसगढ़ में अक्ती के नाम से जाना जाता है।



इस दिन को काफी शुभ माना जाता है। अक्ती पर्व पर किसान अपने घर से बीज निकालकर कृषि कार्य का शुभारंभ करते हैं और खेतों में जाकर धान की बुआई कर भगवान से सुख समृद्धि व अच्छी बारिश की कामना करते हैं। अक्षय तृतीया पर पर सबसे ज्यादा बच्चों में उत्साह दिखाई दिया। बच्चों को पर्व का महत्व बताने गुड्डे-गुड़ियों की शादी रचाई गई। घरों में बच्चों की टोली ने बड़ों के साथ मिलकर मंडप सजाया। फिर विधि-विधान के साथ गुड्डे-गुड़ियों की शादी की। छोटे से नगाड़े के साथ बॉक्स में बज रहे फिल्मी गीत पर झूमते हुए नन्हें-मुन्हें बराती निकले। घरातियों ने भी उनका स्वागत किया। सारा इंतजाम बच्चों की ओर से किया गया था। अक्ती के मौके पर गांव के गली मोहल्लों में विवाह गीत बजते रहे।इससे पहले बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों के ब्याह का निमंत्रण दिया। गुड़िया की शादी में बच्चों ने चूलमाटी से लेकर हल्दी चढ़ाने की रस्म निभाई। एक आम शादी की तरह ही सभी रस्म पूरी की गई। बच्चों का पक्ष गुड्डे और दूसरा पक्ष गुड़िया के साथ रहा। मंडप तक बरात पहुंचे और विवाह की रस्म पूरी की। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए परिवारजन और मोहल्ले वासी भी पहुंचे। गुड्डे-गुड़िया को पीले चावल का तिलक लगाते हुए टिकवन भेट किया। फिर मंडप में बच्चों का उत्साहवर्धन करने बड़ों ने टिकावन दिया।

## मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा पियाऊ घर का उद्घाटन और शरबत वितरण किया गया



**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा आज टिकरापारा रायपुर में पियाऊ घर का उद्घाटन और शरबत वितरण किया गया,काफी संख्या में लोगों की भीड़ रही ,200 से अधिक लोग शरबत पीने का लाभ उठाए , साथ में सबको मिठाई वितरण कर अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दुबे जी के द्वारा सुहाग सामान भी वितरण किया गया। इस कार्य में श्रीमति इंद्राणी शरद दुबे, श्रीमति कल्पना शुक्ला,श्रीमती प्रतिभा शर्मा, रेणु गुप्ता ,हेमलता छत्रे उपस्थित रहे।

## सर्व ब्राह्मण शोभायात्रा 11 मई को आयोजित

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्ष अनुसार भगवान परशुराम जन्मोत्सव अवसर पर सर्व ब्राह्मण शोभा यात्रा 11 मई सायं 4:00 बजे धरना स्थल बुढ़ापारा में आयोजित है । सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अरुण शुक्ला ने बताया की शोभायात्रा में समाज के समस्त जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। प्रदेश में कार्यरत समस्त सामाजिक संगठन इस यात्रा में दल बल के साथ शामिल होंगे । मुख्य रूप से सर्व ब्राह्मण समाज , कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज , सरयूपारी ब्राह्मण समाज से सुरेश शुक्ला, छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज से विनय तिवारी, वर्ल्ड ब्राह्मण से अरविंद ओझा, गुणनिधि मिश्रा, नितिन झा, उत्कल ब्राह्मण से पुरंदर मिश्रा, लक्ष्मण सतपथी, निवेदिता मिश्रा, विप्र वाहिनी से मुक्तिनाथ पांडे, दिनेश शुक्ला, गौड ब्राह्मण प्रहलाद मिश्रा, किशन बाजारी, ब्राह्मण उत्थान सभा लवकुश पांडे, सनाढ्य ब्राह्मण से आर पी दुबे , अमृतलाल बिल्थरे, आंध्रा ब्राह्मण से आर मुरली ,पुष्टिकर समाज चंद्र प्रकाश व्यास, मराठी ब्राह्मण आशीष पंडित, पंजाबी ब्राह्मण राजकुमार शर्मा, अजीत शर्मा, गुजराती ब्राह्मण कीर्ति व्यास, शाक द्विपीय ब्राह्मण गोवर्धन शर्मा, मैथिल ब्राह्मण आनंद मोहन ठाकुर , ब्रह्म भट्ट नितिन शर्मा, जगन्नाथ ट्रस्टी संतोष पुजारी, प्रगतिशील ब्राह्मण शिवांजल शर्मा, ऑटो संघ से जगदीश तिवारी सहित समस्त विप्र समाज के प्रमुख व पदाधिकारी दलबल सहित शामिल होंगे।

## भनपुरी ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया



**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** भनपुरी गोवर्धन नगर स्थित परशुराम प्रतिमा स्थल में ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की। उक्त अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा, जब पृथ्वी पर अत्याचार, अधर्म तथा असत्य अपनी चरम सीमा में पहुंच गया था, तब भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में अवतार लिया। उन्होंने 21 बार अत्याचारियों के अत्याचार से पृथ्वी को मुक्त किया । भनपुरी अध्यक्ष पंडित सतानंद मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना व आरती संपन्न कराया । संचालन तथा पूजा का रस्म जिला महासचिव भोला तिवारी ने किया । प्रमोद पांडे सपत्नीक जजमान के रूप में उपस्थित थे । आभार प्रदर्शन युवा अध्यक्ष विकास तिवारी ने किया। उक्त अवसर पर सतानंद मिश्रा, जयशंकर तिवारी , भोला तिवारी, राजेश मिश्रा, श्रीमती कृष्णा पाठक, आचार्य अजय तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, श्रीमती अन्नु पांडे ,उमेश तिवारी, विपिन मिश्रा, रामकृष्ण पठारिया सहित नागरिक गण उपस्थित थे।

nandgaon times may-11-2.qxd 5/10/2024 11:58 PM Page 2



## मां भानेश्वरी जयंती कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों पदाधिकारियों श्रद्धालुओं का हार्दिक आभार - भागवत साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ प्रदेश साहु संघ रायपुर जिला साहू समाज राजनांदगांव भानेश्वरी मन्दिर शक्तिपीठ ग्राम पंचायत



सिंघोला द्वारा आयोजित मां भानेश्वरी जयंती सिंघोला 9 मई दिन गुरुवार 2024 को कार्यक्रम में पहुंचे समस्त अतिथियों श्री डॉ. रमन सिंह, श्री ताम्रध्वज साहू, श्री टहल साहु, श्रीमती रमशिला साहु, श्री खेदू राम साहु, श्रीमती गीता साहु, श्री मोती साहु, भुनेश्वर साहु, चतुर्भुज साहु, श्रीमती अंजनी साहु, सोमन साहु, प्रमोद साहु, पवन साहु, मोती साहु, रमेश साहु, डॉ. निरेंद्र साहू, तिलेश्वर साहु, विष्णु साव सहित प्रदेश साहु संघ के विभिन्न जिलों से आए हुए समस्त पदाधिकारियों समस्त तहसील पदाधिकारी परिक्षेत्र पदाधिकारी ग्राम साहु समाज प्रमुख मां भानेश्वरी शक्ति पीठ समिती ग्राम पंचायत सिघौला जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू एवम उनके समस्त पदाधिकारियों के तरफ से प्रदेश स्तरीय इस आयोजन में आदर्श विवाह संपन्न होने मां भानेश्वरी जयंती समारोहकार्यक्रम सफल होने के लिये सभी को कोटिश धन्यवाद आभार। उक्त जानकारी नीलमनी साहु महामंत्री जिला साहु संघ राजनांदगांव ने दी है।

## शीतल छाछ वितरण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर झंकार दादी लघु मंडल एवम अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला



सम्मेलन की महिलाओं द्वारा जी ई रोड के भदौरिया चौक में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक शीतल छाछ के लगभग 3800 गिलास का वितरण राहगीरों को किया गया। पैदल चलने वाले, दो पहिया, आटो, चार पहिया गाड़ियों के राहगीरो ने भीषण गर्मी में शीतल पेय सुस्वादिष्ट छाछ पीकर आयोजको का आभार व्यक्त किया। आयोजको ने कार्यक्रम पूरा होने पर वहां फैले खाली गिलासों को एकत्रित करवाकर स्वच्छता का संदेश भी दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से समिति की अनीता लोहिया, नीता लोहिया, संध्या सिंघल, संगीता सिंघल, संतोष अग्रवाल, नीता अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, मोना लोहिया, अर्चना लोहिया, कंचन सिंघल, कांता अग्रवाल , लक्ष्मी गुप्ता , प्रीति खंडेलवाल, रीना अग्रवाल, रमणीक अग्रवाल एवम अशोक लोहिया उपस्थित थे।

## भेड़ीकला हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र ओगेश कुमार साहू जिले में प्रथम

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर से लगे ग्राम



भेड़ीकला के हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र ओगेश कुमार साहू,पिता नरेंद्र कुमार साहू,माता श्रीमती देहुती बाई साहू निवासी ग्राम भाठागांव जो कि कॉमर्स (वाणिज्य ) संकाय में 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे राजनांदगांव जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, सरपंच कृष्णा साहू ने कहा कि हमारे गांव के स्कूल का नाम रोशन किया जिससे हम सभी गौरन्वित महसूस कर रहे हैं। छात्र ओगेश कुमार साहू को फूलमाला पहनाकर, गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत भेड़ीकला के सरपंच कृष्णा साहू ,शास उच्च माध्य शाला के प्राचार्य एफ आर वर्मा, शिक्षक आदित्य तिवारी, मनोज चौहान, आकाश देवांगन, श्रीमती रश्मि खरे, दानी राम देवांगन शिक्षकों के अथक प्रयास से हमारे गांव का नाम रोशन किया सभी शिक्षक बधाई के पात्र है साथ ही छात्र की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाईया प्रेषित की गई।

**शुभांक**

**4-7-8**

**668-0 489-1**

**भाग्यांक**

**169-6 266-4**

# टांका घर व्यावसायिक परिसर के दुकानों की अनुबंध व किराया जमा नहीं करने पर निगम ने की 06 दुकाने सील

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम द्वारा रेल्वे स्टेशन रोड स्थिति टाका घर के पास व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है। जिसके भूतल व प्रथम तल में निर्मित दुकानों को नियमानुसार नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है। आबंटितों को अनुबंध करा किराया जमा करने अनेको बार नोटिस जारी किया गया, नोटिस उपरांत अनुबंध नहीं करने पर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर 6 दुकाने क्रमशः जी-11, जी-19, जी-21 व एफ-8, एफ-14 व एफ-20 को निगम द्वारा तालाबंदी कर सील करने की कार्यवाही की गयी।

आयुक्त श्री गुप्ता समय समय पर राजस्व की समीक्षाकर दुकानों के प्रीमियम राशि, अनुबंध एवं किराया के संबंध में जानकारी लेकर जमा नहीं करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे। निर्देशानुसार राजस्व अमला कार्यवाही कर रही है, पूर्व में सुभाष द्वार के पास निर्मित दुकानों में कार्यवाही की गयी और आज प्र.उपायुक्त श्री भूपेन्द्र वाडेकर के नेतृत्व में राजस्व उप निरीक्षक



श्री रविन्द्र ठाकुर व श्री राजकुमार बंजारे,सहायक ग्रेड-2 श्री अभिजीत हरिहारनो एवं निगम की राजस्व टीम रेल्वे स्टेशन रोड टाका घर के पास भूतल व प्रथम में निर्मित दुकानों में से 06 दुकानदारो द्वारा अनुबंध नहीं करा, किराया जमा नहीं करने पर तालाबंदी कर सील की गयी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा रेल्वे स्टेशन रोड टाका घर के पास भूतल व प्रथम तल में व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है, जिसे नियमानुसार नीलामी उपरांत शासन स्वीकृति पश्चात आबंटित किया गया है, आबंटन उपरांत संबंधित दुकानदारों को अनुबंधकरा किराया जमा किया जाना था, जिनके द्वारा अनुबंध व किराया जमा नहीं किया गया, उन्हें नोटिस जारी किया गया,नोटिस के पश्चात भी कुछ दुकानदारों द्वारा अनुबंधकर किराया जमा नही कराया गया और उनके द्वारा इस संबंध में किसी प्रकार का सम्पर्क नहीं किया गया। जिस पर कार्यवाही करते हुये आज टाका घर व्यवसायिक परिसर की 6 दुकाने क्रमशः जी-11, जी-19, जी-21 व एफ-8, एफ-14 व एफ-20 को निगम की राजस्व टीम द्वारा तालाबंदी कर सील करने की कार्यवाही की गयी। उन्होंने बताया कि दुकानों का प्रीमियम,अनुबंध व किराया का भुगतान नहीं करने पर आगे भी दुकानों में सील करने की कार्यवाही की जावेंगी।

## धामनसरा उच्च माध्यमिक विद्यालय 12वीं में 93 प्रतिशत 10वीं में 94 प्रतिशत प्रतिशत रहा




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** धामनसरा उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा बारहवीं काजल चंदाकर प्रथम 83त्न चंचल द्वितीय 82,8त्न तृतीय निखिल 81,8त्नप्रतिशत रहा कुल छात्र 82 में प्रथम श्रेणी में 19दितीय श्रेणी 50 तृतीय 08 उर्त्तीण रहा अनुर्त्तीण 5 कक्षा दसवीं में भावेन्द प्रथम 84,33त्न रितिक द्वितीय 84,16त्न निहाल तृतीय 83,16त्न कुल दर्ज 106 अनुपस्थित 2 रहा 35 उर्त्तीण प्रथम श्रेणी 61 द्वितीय श्रेणी 02 तृतीय श्रेणी 02पूरक 04 अनुर्त्तीण रहा धामनसरा उच्च माध्यमिक विद्यालय परिणाम उत्कृष्ट रहा रोशनी योगेन्द्र दास वैष्णव जनपद सदस्य ने संस्था प्राचार्य अजय मसीह परीक्षा प्रभारी संजीव शर्मा के कुशल मार्ग दर्शन पर संस्था परिणाम उत्कृष्ट श्रेणी में रहा संस्था शिक्षक सतीष गुप्ता संतोष देशमुख संतोष कुमार ठाकुर धनजंय साकुरे सुभाष साहू प्रीतम साहू वर्षा श्रीवास्तव नेहा श्रीवास्तव स्वाति शुक्ला तेजेश्वरी साहू विजय यादव एवं उत्तीर्ण छात्र छात्राओं शुभकामनाएं बधाई दी।

## अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरूद्ध की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत कार्रवाई की गई। आबकारी उप निरीक्षक श्री उज्ज्वल कुमार सूत्रधर एवं आबकारी मुख्य आरक्षक श्री लालसिंह राजपूत व आबकारी आरक्षक श्री जर्नादल पाण्डेय द्वारा ग्राम ढारा में रामअवतार वर्मा के कब्जे से 10 बल्क लीटर महुआ शराब तथा ग्राम बोरतलाब में रमेश सुन्दरलाल कड़पते के कब्जे से 18 बल्क लीटर महाराष्ट्र निर्मित देश दारू संत्री जप्त किया गया। इसी तरह आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह एवं श्री निजाम शाह ठाकुर व श्री नागेष निषाद द्वारा ग्राम मरकाका में जोहरी हिचामे से 7 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपियों को धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमांनतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल में दाखिल किया गया है। कलेक्टर ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है तथा अवैध मदिरा विक्रेताआं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी रखने कहा है।

## परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया

**दुर्ग।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज आज दीनक 10 मई को सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर परिसर में भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से सभी ब्राह्मण समाज के बंधु उपस्थित थे और पूजा अर्चना में पंडित श्री अभिलाष दीक्षित जी द्वारा संपन्न कराया गया और मुख्य यजमान मे श्री अरूण पंडा एवम उनकी पत्नी श्रीमती ज्योतिमय पंडा थे , विधि विधान पूर्वक पूजा ,आरती कार्य क्रम किया गया कार्यक्रम पश्चात भोग भंडारा आयोजित किया गया जिसमे सभी विप्र समाज के लोगो ने इसमें उपस्थित होकर भोग भंडारा को ग्रहण किया गया, कार्य क्रम में राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश सचिव श्री राकेश शुक्ला भिलाई अध्यक्ष श्री लक्ष्मीकांत तिवारी महा मंत्री अरविंद पांडे, सी पी शर्मा, सरयु पारीण ब्राह्मण समाज अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा, आंध्र ब्राह्मण समाज से वाई वी एस शर्मा, ओड़ीसा समाज से डॉक्टर परमानंद पाणिग्रही, मनोज मिश्रा स्वीटी कौशिक राधाकांत पांडेय, उमेश मिश्रा,ज्योति शर्मा,



लता ऋषि चंद्राकर, डॉक्टर गणेश पांडे, कमल प्रकाश पाण्डे, लक्ष्मीनारायण विश्व, दिनेश पुरवार, आरती शर्मा, सरोज चौबे, विजया शुक्ला, गायत्री गोस्वामी, कांता शर्मा, यश शर्मा, रमेश शर्मा, सनत तिवारी, आरती तिवारी मनोज तिवारी, शशि तिवारी, रजनीकांत पांडे, गोविंद तिवारी, सौम्या पांडे, शशी भूषण मोहंती, अंजली चौधरी, धीरा रानी साहू, श्रवण शुक्ला, प्रशांत मिश्रा, रामामद शर्मा, अरविंद तिवारी ,टी वी एन राव अशोक पंडा, एम मल्लिकार्जुन, आर जे राजू, संदीप दीक्षित, नम्रता दीक्षित, अंजय दुबे, रमेश शर्मा, ज्ञानेश्वर शर्मा, पूनम शर्मा, शेषणारायण शर्मा, सुमन पुरोहित, आलोक बिहारीमिश्र, अर्चना मिश्रा रीनू शुक्ला चंद्र किरण मिश्रा, मंजू तिवारी सहित समस्त अन्य प्रांत के ब्राह्मण बंधु उपस्थित थे उक्त जानकारी राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष श्री लक्ष्मीकांत तिवारी ने बताया।

## सर्किल छुरिया का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास संपन्न हुआ

### कंसु राम यादव मुख्य अतिथि रहे

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सर्किल कोशरिया यादव समाज छुरिया जीसी का चुनाव एवं पदाधिकारी गणों का शपथ ग्रहण समारोह जिला अध्यक्ष कंसु राम यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्राम बोई डींह में हर्षोल्लास संपन्न हो गया। विशेष अतिथ्यों में के.आर.यादव, फगुवा राम यादव,राधे लाल यादव,महेश यादव,शीलु राम यादव,विजय यादव ,रेखचंद् यादव जिला पदाधिकारी गण भी उपस्थित थे। सर्किल छुरिया के नव निर्वाचित पदाधिकारी गणों में देवागा राम यादव (घुपसाल) अध्यक्ष, गोविंद राम यादव (मासुल)उपाध्यक्ष, आशा राम यादव (बुचाटोला)सचिव, कमलेश यादव (गहिराभेदी) सहसचिव, मुकेश यादव (छुरिया)कोषाध्यक्ष तथा पूरण यादव,सोहन यादव,नेमिचंद यादव (बुचाटोला)को सर्किल के संरक्षक चुने गए। सर्किल युवा मंडल में योमन यादव (बुचाटोला) अध्यक्ष पवन यादव (छुरिया)उपाध्यक्ष, नाथू यादव (बोई डींह)सचिव, राजेश यादव (सल्हे टोला) सहसचिव, उत्तम यादव (बोई डींह)कोषाध्यक्ष चुने गए। सर्किल महिला मंडल में माही बाई यादव



(छुरिया)अध्यक्ष,दुलपत् यादव (गिध्वा भांवर)उपाध्यक्ष,मथुरा बाई यादव (बोई डींह) सचिव,सीमा यादव (गहिरा भेडि) सहसचिव,जेठी बाई यादव (बोई डींह)कोषाध्यक्ष चुने गए साथ ही निरा यादव (छुरिया),सुखबती यादव (बोई डींह),बुधन तिन यादव बुचा टोला,समारी यादव (गहिरा भेडि)को संरक्षक चुने गए हैं । छुरिया को नगर इकाई का दर्जा देते हुए यहाँ दिलीप यादव को अध्यक्ष व शुभम यादव को सचिव चुना गया और पार प्रमुखों में परदेश यादव, देव कुमार यादव, उमेश यादव और अशोक यादव को अपने-अपने वार्ड की जिम्मेदारी सौपी गई है। सभी पदाधिकारी गणों को जिला अध्यक्ष कंसु राम यादव ने उनके पद एवं जिम्मेदारी की शपथ दिलाई। तहसील छुरिया के सर्किल प्रमुखों में धन्ना यादव, केदार यादव, खिलावन यादव,चिंता राम यादव सहित असंख्य सामाजिक बंधुयों ने अपनी उपस्थिति देकर यादवी एकता का अच्छा परिचय दिये हैं।



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा भवन कौरिन भांठा मे भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।**

## चार दशक की प्राध्यापकीय एवं प्रशासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के. एल. टांडेकर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ की पावन धरती को अपने प्राध्यापकीय एवं प्रशासकीय कौशल से 4 दशक से अधिक समय तक सिंचित , पुष्पित और पल्लवित करते हुए डॉ के. एल. टांडेकर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य पद की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सेवानिवृत्त हुए। डॉ टांडेकर ने अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत 1982 में शासकीय महाविद्यालय बेमेतरा से की । 24 वर्ष तक सहायक प्राध्यापक, 3 वर्ष प्राध्यापक तथा 15 वर्ष तक प्राचार्य के पद पर कार्य कार्यरत रहे । 26 वर्षो तक उन्होंने विभिन्न महाविद्यालयों में विभागाध्यक्ष वाणिज्य के पद को सुशोभित किया । वे 11 वर्षो तक शोध निर्देशक के रूप में कार्य किया । उनके मार्गदर्शन में 4 शोधार्थियों ने पीएचडी उपाधि प्राप्त की तथा पी एस सी में चयनित होकर सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत है। वर्तमान में 5 शोधार्थी उनके मार्गदर्शन में पीएचडी कार्य कर रहे हैं । अपने प्राध्यापकीय यात्रा में उन्होंने 110 उच्च स्तरीय शोध पत्रों , 11 पुस्तकों तथा 10 आर्टिकल का प्रकाशन करवाया , जो सभी के लिए प्रेरणाश्रोत है । प्राचार्य पद पर रहते हुए डॉ टांडेकर के मार्गदर्शन में विभिन्न महाविद्यालय में अनेक अंतर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय/ सेमिनार/ कॉन्फ्रेंस/वेबिनार/ वर्कशॉप का आयोजन किया गया । डॉ टांडेकर ने 200 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय आयोजनों में सहभहगीता दी । डॉ टांडेकर अनेक संस्थाओं के विद्या परिषद/ शासकीय निकाय के सदस्य रहे । महाविद्लयालय द्वारा प्रकाशित होने वाली पत्रिकाओं के एडिटर के साथ ही आप पदजमतदंजपवदंस ।कअपेंतल ठवंतक के सदस्य भी रहे । अपनी प्राध्यापकीय कार्यकाल में इन्होने ग्रंथपाल/ क्रीड़ाधिकारी/ एन सी सी अधिकारी/ जिला संगठक एन एस एस जैसे दायित्यो का सफ्लतापूर्वक निर्वहन किया । डॉ टांडेकर के मार्गदर्शन में शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियां हेतु छत्तीसगढ़ अपितु मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के 65 संस्थाओं के साथ एमओयू किया गया । दिग्विजय महाविद्यालय में प्राचार्य पद पर हुए विद्यार्थियों के हित में अनेक कार्य किया , जिसमे छत्रावास को प्रारंभ करना, सेमिनार, कांफ्रेंस हॉल का निर्माण, 10 से अधिक डिजिटल कक्षाओं का निर्माण, पर्याप्त फर्नीचर जैसे अनेक कार्य हुए । डॉ टांडेकर के कार्यकाल में दिग्विजय महाविद्यालय में पहली बार विज्ञान संकाय में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार, उद्द्योगपतियों का सम्मलेन एवं आनंद मेला जैसे कार्यक्रम आयोजित हुए । इनके अकादमिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक कार्य को हुए विभिन्न संस्थाओं द्वारा भीम चेतना अवार्ड, विद्यावाचस्पति अवार्ड, गुरु रविदास सम्मान, इनोवेटिव रीसर्च नेशनल अवार्ड, रीसर्च एक्सीलेंस अवार्ड, लाइफ्टाइम अचीवमेंट, डॉ अब्दुल कलाम इंटरनेशनल अवार्ड, बेस्ट रीसर्च एडवाइसिरी अवार्ड, राष्ट्रीय शिक्षक गौरव सम्मान, प्रिंसिपल ऑफ़ द ईयर अवार्ड, डॉ बी. आर. आंबेडकर समता नेशनल अवार्ड, ग्रीन एनवायरनमेंट प्रमोशन अवार्ड जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया । यूनिवर्सिटी ऑफ़ सेंट्रल अमेरिका द्वारा आपको डी लिट् की उपाधि प्रदान की गई । डॉ टांडेकर अपने अर्द्धवार्षिकीय आयु को पूरा करते हुए 30 अप्रैल 2024 को सेवानिवृत्त हुए । इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें विदाई दी । विभिन्न संगठनों द्वारा उनके द्वारा किये गए कार्यों को सम्मानित करते हुए उन्हें महाविद्यालय से गाजे बाजे के साथ बग्घी में बैठाकर घर तक विदाई दी गई ।

nandgaon times may-11-2.qxd 5/10/2024 11:58 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) विश्व के अधिकांश सक्रिय ज्वालामुखी किस क्षेत्र में पाए जाते हैं?*

*2) हाल ही में खबरों में देखा गया एमक्यू9बी प्रीडेटर क्या है?*

*3) 1931 में इलाहाबाद में करबंदी का आंदोलन किसने शुरू किया था?*

*4) काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी की स्थापना*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) नवीन मोड़दार पर्वतीय क्षेत्रों में (2) ऊंचाई वाले मानव रहित हवाई वाहन (3) जवाहरलाल नेहरू (4) 1916 (5) पनामा

# आयुक्त ग्रामीण वार्ड लखोली के विभिन्न क्षेत्रों व हल्दी में सफाई, पानी निरीक्षण कर निर्माण कार्य देखे

## हल्दी में अनुपस्थित कर्मचारी का हाजरी लगाने पर संबंधित ठेकेदार की राशि कटौती के दिये निर्देश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ प्रतिदिन प्रातः वार्डो में सफाई पानी व्यवस्था के साथ साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। निरीक्षक की कडी में आज सुबह ग्रामीण वार्ड लखोली के कुँआ चौक, दुर्गा चौक, सेठी नगर के अलावा हल्दी में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था देखे, हल्दी में अनुपस्थित कर्मचारी का हाजरी लगाने पर संबंधित ठेकेदार के चलित देयक से राशि कटौती के निर्देश वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा को दिये। उन्होंने कहा कि सफाई में इस प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जावेगी, संबंधित स्वच्छता निरीक्षक निगम वार्ड के साथ साथ ठेका वार्डो मे भी प्रतिदिन सफाई के साथ साथ हाजरी की जॉच करे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण वार्ड में साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जावे, जिससे डेगू, मलेरिया व पीलिया जैसी बीमारी न फैले। उन्होंने दुर्गा चौक में सुलभ के पास की नाली की सफाई कराने, कटीली झाडिया काटने के निर्देश देते हुये कहा कि इन क्षेत्रों में नालियों की नियमित सफाई किया जावे। इसके अलावा उन्होंने सुलभ शौचालय में नियमित सफाई रखने के निर्देश दिये। निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान लखोली दुर्गा चौक में साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण, सीमेंट कांक्रिटींग रोड, कुँआ चौक में डामरीकरण, कोठार पारा में मंच निर्माण, सेठी नगर में सीमेंट कांकिटींग रोड निर्माण व संजय नगर में नाली निर्माण कार्य का जायजा लेकर समय सीमा में काम पूर्ण कराने, प्रतिदिन तराई कराने प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव को निर्देश दिये। उन्होंने सेठी नगर में खराब सीमेंट कांक्रिटींग रोड निर्माण पर पुनः एक लेयर करने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार संजय नगर में नाली निर्माण में बेस खराब होने पर नोटिस जारी कर ठीक कराने निर्देशित किये। उन्होंने तकनीकि अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी ली। संबंधित अधिकारी ने कहा कि ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है। आयुक्त ने कहा कि अंतिम नोटिस जारी कर, कार्य ठीक करावे तथा ठीक होने उपरांत ही भुगतान की कार्यवाही करे। इसी प्रकार आयुक्त ने हल्दी में ईटा भठ्ठा रोड में स्कूल के पास सामुदायिक भवन निर्माण, मुक्तिधाम व उद्यान निर्माण, सिंघोला रोड में नाला निर्माण, यात्री प्रतिक्षालय व सीमेंट कांक्रिटींग रोड निर्माण की धीमी गति पर ठेकेदार को कार्य में गति लाने, नियमित रूप से कार्य की मानिटरिंग करने के निर्देश संबंधित उप अभियंता को दिये। उन्होंने स्कूल के पास व भवरमरा रोड में सुलभ शौचालय का मरम्मत कराने व पानी की व्यवस्था करने तथा सेठी नगर व हल्दी स्कूल के पास के जर्जर सुलभ शौचालय के पुनः निर्माण के लिये शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने पानी के संबंध में लोगों से जानकारी लेकर तकनीकि अधिकारियों से कहा कि संबंधित क्षेत्र में पानी की जॉच करे और कम पानी व गंदा पानी आने की शिकायत का त्वरित निराकरण करे। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू व सुश्री आयुषी सिंह, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी,प्र.पटवारी श्री मिलिंद रेड्डी सहित निगम का अमला उपस्थित था।



## सशिमं डोंगरगांव बोर्ड परीक्षा परीक्षा में हिना व मुकेश प्रथम

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** 10 वीं व 12 वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम सशिमं मंदिर डोंगरगांव के भैय्या-बहिनों ने अपने मेहनत को



बेहतर अंकीय प्रदर्शन में परणित कर विद्यालय के परिणाम को उत्कृष्ट बनाया। विद्यालय के आचार्य सोहन यदु व जितेन्द्र वैष्णव ने विविध जानकारी दी जिसमे कक्षा 10 वीं में टॉप टेन में क्रमशः बहिन हिना देवांगन- 91प्रतिशत, बहिन श्रुति रानी चतुर्वेदी- 88.33प्रतिशत, भैया संस्कार वैष्णव 87.33प्रतिशत, भैया शुभम देवांगन 86.5प्रतिशत, बहिन संध्या देवांगन 84.66प्रतिशत, बहिन दीपांजली 80.83प्रतिशत, बहिन श्रुति रामटेके 80.16प्रतिशत, बहिन राजेश्वरी साहू 69.33प्रतिशत, बहिन कामनी देवांगन 69प्रतिशत, बहिन लक्ष्मी देवांगन 68.83प्रतिशत ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। दशम में कुल 45 भैया बहिनों में 18 प्रथम श्रेणी, 6 द्वितीय श्रेणी 1 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं द्वादश से भैय्या मुकेश पटेल ने 88प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम रहे, टेमन धनकर 85.6प्रतिशत के साथ द्वितीय, क्रांति धरमगुड़ी 84.40प्रतिशत के साथ तृतीय, प्रियंका बंजारे 83प्रतिशत के साथ चतुर्थ स्थान पर रही। इस तरह कुल मिलाकर इस बार 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 11 विद्यार्थियों ने 80प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है जो कि अत्यंत हर्ष का विषय है। सभी सफल विद्यार्थियों को संस्था के समिति सदस्यों, प्राचार्य,आचार्यों एवं दीदियों, समस्त सरस्वती शिशु मंदिर परिवार ने शुभकामनाएं व हर्ष व्यक्त किया है व भैया बहिनों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पेंशनर्स एसोसिएसन छ.ग. प्रदेश की सामूहिक बैठक 13 मई, सोमवार को 12:30 बजे दिन से

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पेशंनर्स एसोसिएसन छ.ग. प्रदेश की प्रदेश जिला, तहसील एवं नगर स्तरीय संगठनों की सामूहिक बैठक सोमवार दिनांक 13/05/2024 को 12:30 बजे दिन से पेंशनर भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में रखी गई है। बैठक में प्रांतीय चुनाव कार्यक्रम की तैयारी की समिक्षा की जायेगी तथा 80 वर्ष के बदले 79 वर्ष पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेशंन मिलने संबंधी कार्यवाही पर भी चर्चा की जायेगी। नये सदस्यों को सम्मान पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया जायेगा। इस माह जिसका जन्मदिन है उनका जन्मदिन मनाया जायेगा तथा जो साथी हमसे बिछुड़ गये है उनको श्रद्धांजलि दी जायेगी और सदस्यता अभियान की समिक्षा की जायेगी। अतः कार्यकारी प्रांताध्यक्ष श्री डी.एन. साहू, प्रांतीय महामंत्री श्री के.पी.सी., प्रांतीय सचिव श्री डी.डी.पाण्डे, जिला महासचिव जी.आर. देवांगन, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री एस.के. सिंह, जिला कोषाध्यक्ष गैंदराम देवांगन, नगर अध्यक्ष बी.टी. वाल्दे, नगर उपाध्यक्ष सेवकदास साव, नगर कोषाध्यक्ष श्री विजय लाल निषाद ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपिल की है।

# जिला प्रशासन की सतर्कता से सिंगदई में रोका गया बाल विवाह

## कन्या व वर पक्ष को दी गई समझाईश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में अक्षय तृतीया पर जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति द्वारा राजनांदगांव शहर के सिंगदई में बाल विवाह को रोका गया। टीम द्वारा वर एवं कन्या पक्ष को समझाईश दी गई कि बाल विवाह करना एवं करवाना एक कानूनी अपराध है। विवाह के लिए वर की आयु 21 वर्ष तथा वधु की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। इस अपराध के लिए 2 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो एक लाख रूपए तक हो सकता है या दोनों से दण्डित किया जाने का प्रावधान है। बाल विवाह कराये जाने पर बाल विवाह में शामिल परिजनों सहित विवाह करने वाले संस्थान, पुरोहित, टेन्ट हाऊस, प्रिटिंग प्रेस, नाई, बैंड बाजा बजाने वाले व्यक्ति से लेकर खाना बनाने वाले एवं सगे संबंधी के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधान अनुसार कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी सुश्री रीना ठाकुर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री सीके लाडे, पर्यवेक्षक सुश्री दिव्या तिवारी सहित पुलिस, पटवारी, शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन अक्षय तृतीया के अवसर पर अधिक बाल विवाह होने की संभावना को रोकने के लिए सतर्क थी। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले में बाल विवाह को रोकने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का गठन किया था। बाल विवाह रोकने के लिए जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर टीम बनाई गई थी। जिसमें ग्राम के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन, शिक्षक, पंच अन्य शामिल थे। जिन्हें बाल विवाह होने की स्थिति में तत्काल सूचित किया जा सकता था। टीम के सदस्य द्वारा संभावित बाल विवाह को रोकने अपने आसपास निगरानी की जा रही थी। साथ ही जिले के नागरिकों से बाल विवाह रोकने के लिए बाल विवाह की सूचना मिलने पर दूरभाष क्रमांक 07744-220405 एवं चाईल्ड हेल्प लाईन टोल फ्री नंबर 1098 संपर्क करने का आग्रह किया गया था। कलेक्टर ने जिले के जनप्रनिधियों एवं स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों से बाल विवाह को रोकने में सहयोग की अपील की थी।



## गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) कंचनबाग कक्षा - बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बारहवीं गणित संकाय में प्रथम रूपेश कुमार 76.8: द्वितीय भावी गुप्ता 73.6: तृतीय गगन साहू 67: विज्ञान संकाय में प्रथम माधुरी साहू 78.8: द्वितीय निधि साहू 78.6: तृतीय पलक मंडले 77.6: वाणिज्य संकाय में प्रथम टुमेश्वरी साहू 78: द्वितीय फलेश्वरी सोनी 75.6: तृतीय दिनेश कुमार 74.4: रहा। कक्षा दसवीं में प्रथम खुशी साहू 91.67: द्वितीय भूमिका सेन 91.33: तृतीय गुलशन पाण्डे 89.67: रहा। बच्चो ने अपनी सफलता का श्रेय गुरूजनों एवं माता पिता को दिया। गायत्री शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्या देवी सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकांत चितलांग्या, सचिव श्री गगन लड्ढा, सह सचिव श्री निकुंज सिघंल, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी रूपाली गांधी शाला की प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उपप्राचार्य श्रीमती तामेश्वरी साहू एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये इस सफलता के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी।


# प्याऊ घर सेवा के लिए स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स हुए सम्मानित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव श्री कैलाश कुमार सोनी एवं जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त स्काउट श्री अभय जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले के 9 स्थलों पर नागरिकों के लिए ग्रीष्मकालीन प्याऊ घर सेवा 9 अप्रैल से 9 मई 2024 तक उपलब्ध कराई गई। जिसके अंतर्गत रौनक कैटर्स एण्ड टेन्ट हाउस, जिला सतनामी सेवा समिति, त्रिशंख मण्डल राजनांदगांव, गट्टानी परिवार डोंगरगढ़, सोमनी वस्त्रालय, सोमनी इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर के सहयोग से महावीर चौक, नया बस स्टैण्ड, संत कंवरराम चौक, ठाकुर प्यारेलाल चौक, हरदुवा मुख्य मार्ग, यात्री प्रतीक्षालय सकुलदैहान, सोमनी बस स्टॉप, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के सामने प्याऊ घर सेवा उपलब्ध कराई गई। प्याऊ घर सेवा संचालन में स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स की सराहनीय भूमिका रही। प्याऊ घर सेवा कार्य के लिए श्रीमती बी संगीता राव, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्योहारे, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती उषा चटर्जी, नोडल स्काउट गाइड श्री प्रशांत चितवरकर, श्री नितिन हिरवानी, श्रीमती अंबिका देवांगन एवं 100 स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित एवं उत्साहवर्धन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरगी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी, महंत राजा बलराम दास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्टेट स्कूल, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर, महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदुवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उपरवाह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्टेशन मुढ़ीपार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघेरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पदुमतरा, वेसलियन हिंदी मीडियम स्कूल, ठाकुर प्यारेलाल सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमनी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकुलदैहान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुन्दा, शाकसीय हाई स्कूल भण्डारपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़, आम्बेडकर ओपन रोवर क्रू सरोजनी ओपन रेंजर टीम डोंगरगढ़ के स्काउट रोवर ने सेवा कार्य किया। इस कार्य मे नोडल स्काउट गाइड जिला मुख्यालय आयुक्त गाइड श्रीमती उषा चटर्जी, जिला सचिव श्री देवेंद्र अम्बादे, श्री मयूख श्रीवास्तव, श्री रमेश दास साहू, श्री रामलाल चन्द्रवंशी, श्री जीपी नेताम, श्री राजेश साहू, श्री राजाराम देवांगन, श्री हेमन्त देशमुख, श्रीमती सुशीला नेताम, श्री नीरेन्द्र नीलम साहू, श्रीमती आरती साहू, श्रीमती सरिता साहू, श्रीमती सोमिन साहू, सुश्री अंजली वैदय, श्रीमती मनीषा भीमटे, श्रीमती शीला गुप्ता, श्रीमती भारती रजक, श्रीमती सीमा सिंह, श्रीमती ललिता पगारे, श्री राकेश भावते, श्री राकेश रामटेके, श्री कमलेश्वर साहू, श्री जनोहर वर्मा, श्री डीडी साहू, श्री नीलकंठ धुर्वे की सक्रिय सहभागिता रही।



## धर्म समाचार....

# केदारनाथ धाम के खुले कपाट, दर्शन के लिए उमड़ा भक्तों का सैलाब



केदारनाथ धाम के दरवाजे आज 10 मई को सुबह खोल दिए गए हैं। केदारनाथ मंदिर को 40 क्विंटल फूलों की पंखुड़ियों से सजाया गया था। इस पल का इंतजार शिव भक्तों को काफी समय से था। बता दें मंदिर खोलने से पहले पुजारियों ने विधि-विधान के साथ पूजा की। इसके बाद हर-हर महादेव के जयकारे के बीच कपाट खोल दिए गए। भक्तों के लिए आज से केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए गए हैं। इस शुभ क्षण के हजारों श्रद्धालु साक्षी बने। यह पल सभी शिव भक्तों के लिए खास है, जिसका इंतजार वे लंबे समय से कर रहे थे। यह धाम भगवान शिव को समर्पित सबसे पवित्र स्थानों में से एक है। इस दिव्य धाम के दरवाजे आज 10 मई, 2024 प्रातः 07 बजे खोल दिए गए हैं। मंदिर खोलने से पहले पुजारियों ने विशेष पूजा की। इसके बाद हर-हर महादेव के जयकारे के बीच कपाट खोल दिए गए। केदारनाथ मंदिर को 40 क्विंटल फूलों की पंखुड़ियों से सजाया गया था। जैसे ही कपाट खुले हेलीकॉप्टर से मंदिर के ऊपर और श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा हुई। अब भक्तों के लिए दरवाजे खुले हैं, जिसका वे गवर्नमेंट ऑनलाइन वेबसाइट पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर पवित्र मंदिर के दर्शन कर सकते हैं। वहीं, यमुनोत्री के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। केदारनाथ मंदिर पिछले साल भैया दूज के मौके पर बंद हुआ था। इसके समापन समारोह के दौरान भी विशेष पूजा हुई थी। छह माह के बाद अब कपाट खोले गए हैं। हर साल भारी बर्फबारी की वजह से भाई दूज के दिन से केदारनाथ धाम के कपाट साल में छह महीने के लिए बंद कर दिए जाते हैं, जिससे आने जाने वाले भक्तों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। केदारनाथ की यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की वेबसाइट पर जाकर कर सकते हैं। इसके साथ ही ऐप व टोल फ्री नंबर 01351364 और वाट्सऐप नंबर 91-8394833833 के जरिए भी अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यदि आप ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाएं हैं, तो ऑफलाइन भी अपना रजिस्ट्रेशन ऋषिकेश में जाकर करा सकते हैं।

## जब जीवन में दिखने लगें ये संकेत, तो समझिए खत्म होने वाला है बुरा वक्त



यदि आप भी मुश्किल समय गुजर रहे हैं और आपको जीवन में यह संकेत दिखाई देने लगते हैं तो समझना चाहिए कि जल्द ही आपका बुरा वक्त खत्म होने वाला है। ज्योतिष शास्त्र में कुछ ऐसे संकेत माने गए हैं जो अच्छे समय की शुरुआत की ओर इशारा करते हैं। तो चलिए जानते हैं कि ज्योतिष शास्त्र इस विषय में क्या कहता है। जब भी व्यक्ति बुरे वक्त से गुजरता है, तो वह यही सोचना है कि यह समय कब खत्म होता। वहीं, ज्योतिष शास्त्र में यह माना गया है कि व्यक्ति को अच्छे वक्त की शुरुआत से पहले कुछ संकेत मिलते लगते हैं। ऐसे में यदि आपको भी अपने जीवन में ये संकेत दिखाई दे रहे हैं, तो यह आपके लिए आने वाली खुशखबरी का संकेत हो सकते है।

**हो सकता है धन लाभ**- शकुन शास्त्र में हाथ में खुजली होने को भी शुभ या अशुभ संकेत से जोड़कर देखा जाता है। माना गया है कि यदि किसी पुरुष के दाएं और महिला के बाएं हथेली में बार-बार खुजली होती है, तो इसे एक शुभ संकेत माना जाता है। इसका अर्थ है कि आपको धन लाभ होने वाला है।

**जब सपने में दिखाई दे यह चीज**- यदि आपको सपने में मंत्र सुनाई देते हैं, तो इसे भी एक अच्छा संकेत माना जाता है। इसका अर्थ है कि आप जिस कार्य के लिए प्रयास कर रहे हैं, उसमें आपको सफलता मिल सकती है। इसका अर्थ यह भी है कि आपके जीवन में कोई सकारात्मक बदलाव हो सकता है।

**जब सुनाई दे ये ध्वनि** - हिंदू धर्म में पूजा-पाठ के दौरान शंख का प्रयोग मुख्य रूप से किया जाता है। यदि आपको सुबह-सुबह सुनाई देती है, तो इसे एक बहुत ही अच्छा संकेत माना जाता है। इसका अर्थ है कि आपके जीवन में आ रही चुनौतियों का जल्द ही अंत होने वाला है।

**चीटियों के दिखने पर करें ये काम**- यदि आपको घर में चीटियां नीचे से ऊपर की ओर जाती हुई दिखाई देती हैं, तो यह आपके लिए एक शुभ संकेत हो सकता है। इसे उन्नति से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में उन्हें भगाने के स्थान पर आपको उन्हें आटा डालना चाहिए।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# छत्तीसगढ़ सरकार को चाहिए कन्यादान योजना शुरू करें - डॉ. रमन सिंह

## मां भानेश्वरी जयंती समारोह में मुख्य अतिथि की आसंधि विधानसभा अध्यक्ष ने मंदिर समिति को सहयोग करने प्रस्ताव मंगाया

06

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। सिंघोला के मिनी स्टेडियम में 09 मई दिन गुरुवार को मां भानेश्वरी जयंती के दिन सभी मंछिष्ट अतिथियों के द्वारा मां भानेश्वरी और मां कर्मा माता की पूजा अर्चना, माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिसमें पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू, जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू, महामंत्री नीलमणि साहू साहू, कोषाध्यक्ष नोबेल साहू व नगर साहू संघ के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू आदि शामिल थे । पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समीपस्थ ग्राम सिंघोला में आयोजित मां भानेश्वरी जयंती में मुख्य अतिथि सानिध्य में खचाखच भिड़ को संबोधित किया। उन्होंने समाज साहू एवं ग्राम समाज द्वारा आयोजित इस समारोह को संबोधित करते हुए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण दिया जो देश के उच्च पद पर ईमानदारी से काम कर रहे हैं। कहा कि यह देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने समाज द्वारा आयोजित दो जोड़े आदर्श विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि कन्यादान योजना छत्तीसगढ़ सरकार को शुरू किया जाना चाहिए। उन्होंने मां भानेश्वरी मंदिर सिंघोला में जो भी कार्य हो उसे प्रस्ताव मेरे पास भेजेंगे। प्रस्ताव में जो भी कार्य हो उस संबंध में प्रस्ताव मेरे पास भेजेंगे। मैं जब मुख्यमंत्री था तब तत्काल सहयोग करता था। समारोह को डॉ. रमन सिंह के अलावा पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू व प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल साहू ने भी संबोधित किया । जयंती कार्यक्रम आज सुबह गांव बस्ती में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। उसके बाद विवाह, भंडारा, स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तदान तथा समारोह का आयोजन गांव के मिनी स्टेडियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम प्रदेश साहू संघ,



जिला साहू संघ, ग्राम साहू समाज, परीक्षेत्रीय साहू समाज सहित ग्राम के समस्त समाज का मिला जुला सहयोग रहा। इस आयोजन को लेकर न सिर्फ सिंघोला में अपितु आसपास के कई गांव में त्यौहार जैसा वातावरण रहा।

**जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू की हुई प्रशंसा**

उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू एवं अन्य पदाधिकारी की सभी अतिथियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि मां भानेश्वरी देवी का मंदिर सिद्ध पीठ सिंघोला में स्थित है। मां भानेश्वरी सिंघोला की ही रहने वाली थी। जिनकी महिमा दूर-दूर तक बखान की जाती है। जस सेवा गीतों में भी मां भानेश्वरी की महिमा गाई जाती है। मां भानेश्वरी मंदिर सिंघोला में तांबे के कलश में दोनों नवरात्रि पर्व में ज्योत जलाए जाते है। आने वाली भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाली माता भानेश्वरी के चित्र इस अनंचल में घर-घर रखकर पूजा की जाती है। इस कार्यक्रम के दौरान जिला संघ के पूर्व अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, विधायक भोलाराम साहू, विधायक दलेश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, नगर निगम के महापौर श्रीमती हेमादेशमुख जिला साहू संघ ग्रामीण अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, सह संयोजीका खिलेश्वरी साहू, भुनेश्वर साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती मोहनकुमारी उपाध्यक्ष, हनुमंत साहू कोषाध्यक्ष, श्री दयाराम साहू, लखन साहू, हलधर साहू महामंत्री, चर्तुभुज साहू प्रभारी जिला साहू संघ, श्रीमती अंजनी साहू सहप्रभारी, श्रीमती अंजु साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, शैलेन्द्र साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती नीरा साहू उपाध्यक्ष, चन्द्रशेखर साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय (मंडल) साहू समिति सिंघोला, जगतनारायण साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समिति सिंघोला, माँ भानेश्वरी शक्तिपीठ समिति सिंघोला के अध्यक्ष नंद कुमार साहू, उपाध्यक्ष भोजराज साहू, सचिव रोशन साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश साहू, दिलीप ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# बुद्धू भरदा में जगह जगह सैकड़ो ट्रीप डंप रेत की जप्ति हुई





खबर का असर

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम बुद्धू भरदा मे पैरी नदी से महीने भर से रेत माफिआओं द्वारा सैकड़ों ट्रीप रेत डंप कर रखा था। जिनका खबर दो दिन पहले ही दैनिक नांदगांव टाइम्स ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था ग्राम बुद्धू भरदा के शासकीय खाली जमीन एवं कोठारो में डंप रेत की जब्ती की कार्रवाई राजस्व विभाग के एसडीएम मनोज कुमार मरकाम के निर्देशन में हुई। कार्रवाई करने के लिए नायब तहसीलदार झरना राजपूत, आर.आई राम जी साहू, पटवारी रमेश साहू,सचिव जंतु दामले, रोजगार सहायक योगेन्द्र साहू सहित पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित थे। ग्राम बुद्धू भरदा में जगह - जगह रेत डंप कर ऊंचे दामों में बेची जा रही थी । जिससे शासन एवं राजस्व विभाग और खनिज विभाग को लाखों रूपयो का नुकसान हो रहा था। समाचार पत्र में लगातार प्रमुखता से बुद्धू भरदा में रेत माफिया सक्रिय शीर्षक से प्रकाशित हुआ था। खनिज एवं राजस्व विभाग को कई बार ग्रामीणों अवैध रेत उत्खनन की शिकायत की गई थी। आखिरकार राजस्व अमले ने शुक्रवार को बुद्धू भरदा में सैकड़ों ट्रीप रेत डंप की जब्ती की कार्रवाई की गई। बुद्धू भरदा के अलावा कविराज टोलागांव अर्जुनी रातापायली किरगी (ब) सुखरी मेढा और क्षेत्र के अन्य ग्रामों में भी सैकड़ो ट्रीप रेत डंप की जानकारी सामने आई है। इन ग्रामों के डंप रेत को भी जब्त की कार्यवाही होना बाकी है तहसीलदार पी एल नाग ने डोंगरगांव क्षेत्र में हो रहे अवैध रेत उत्खनन पर शीघ्र ही कार्यवाही करने की बात कही है।

# पशु पक्षियों के लिए 28वे वार्षिक पेयजल योजना का शुभारंभ



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने संस्कार श्रद्धांजलि द्वारा संचालित पशु पक्षियों के लिए 28वे वार्षिक पेयजल योजना का शुभारंभ अपने निवास में संस्था द्वारा प्रदत्त कोटने में जल भर कर प्रारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि संस्था अध्यक्ष सतीश भट्टड़ व उनकी टीम काफी अरसे से पशु पक्षियों की प्यास बुझाने हेतु संवेदनशील होकर कार्यरत हैं। इसके लिए उन्होंने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी में पशु पक्षियों को पानी की बहुत जरूरत होती है पर उन्हे पानी मिल नही पाता है। संस्था द्वारा जगह जगह कोटना लगा कर उनकी प्यास बुझाने हेतु यह कार्य अनुकरणीय है। समाज के अन्य लोगो को भी इस पुनीत कार्य हेतु आगे आना चाहिए। जिससे हम पर्यावरण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभा सके। संस्था अध्यक्ष सतीश भट्टड़ ने बताया कि 1997से पशु पक्षियों के पेयजल लिए राजनांदगांव मानपुर मोहला छुरिया डोंगरगांव बालोद छुईखदान सहित 1500से अधिक विभिन्न स्थानों में कोटना स्थापित किया गया है। इस वर्ष भी 51कोटने निशुल्क सार्जनिक स्थलो पर स्थापित किए जाने है। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष डी एल देवांगन ममता बुद्धन सुधा पवार नरेन्द्र तायवाड़े उमा भट्टड अंजू अलवर लक्ष्मी झा उपस्थित थे।

## सब्जी खरीदने आ रहे थे नगर, ट्रेलर ने मारी ठोकर, एक की मौत

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव इलाके में सड़क हादसा थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार शाम फिर एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को ठोकर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो घायल है। घटना गुरुवार शाम 4.30 बजे की है। ग्राम परना निवासी 25 वर्षीय अनिल विश्वकर्मा अपने साथी केवल राणा और नागेश यारदा के साथ सब्जी खरीदने डोंगरगांव आ रहे थे, तीनों एक ही बाइक में सवार थे। अभी तीनों खुर्सीपार के पास मेन रोड में पहुंचे थे, तभी उन्हें विपरित दिशा से आ रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 08 3366 के चालक ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में अनिल ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं नागेश और केवल को चोंटे आई है। जिनका प्राथमिक इलाज डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। पुलिस ने ट्रेलर चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। बता दें कि खुर्सीपार में इसी जगह सप्ताह भर पहले सड़क हादसे में पिता व पुत्री की मौत हो गई थी। जिसके बाद यह घटना



## रानी मंदिर में भगवान श्री परशुराम जी जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया पर पूजा अर्चना

**राजनांदगांव/ छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि शुक्रवार 10 मई 2024 को रानी मंदिर छुईखदान में अक्षय तृतीया अवसर पर पूजा अर्चना कर सत्तू का भोग लगाया गया । साथ ही भगवान श्री परशुराम जी प्रकटोत्सव आरती पूजा हुआ । मंदिर समिति के संरक्षक श्रीमती लतारानी लाल जे के वैष्णव ने पूजा अर्चना पश्चात पुजारी अनिल रानी मंदिर को भरा घड़ा , आम , सेतुवा ,गुड़ शक्कर , सेरसीधा आदि भेंट किया। भक्तों द्वारा माटी पूजन दिवस पर खेतों में बीज डालकर भगवान से अच्छी बारिश एवं भरपूर फसल हेतु विनती प्रार्थना किया गया । वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे के वैष्णव ने भगवान श्री विष्णु के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम जी का अवतरण एवं ब्रम्हा जी के पुत्र अक्षय कुमार के जन्म के साथ ही अक्षय तृतीया तिथि के धार्मिक दृष्टि से महत्व को बताया। अकति तिहार के दिन लतारानी वैष्णव ने छोटे बालिकाओं , बालकों द्वारा पुतरा पुतरी गुड्डा-गुड्डी विवाह आयोजन पर टिकावन राशि भेंटकर विरासत की सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर को अक्षुण्य बनाए रखने अपील किया। ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जी जन्मोत्सव रानी मंदिर में पूजा , प्रसाद वितरण कर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वंदना त्रिपाठी , शैलशर्मा , सरिता शर्मा, स्वाति शर्मा , श्रद्धा दुबे , शशि शर्मा, रुपा उपाध्याय, विमला शर्मा , लक्ष्मी शर्मा, खुशबू शर्मा , ज्योति आदि सहित बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे ।



## डोंगरगांव क्षेत्र में सड़क दुर्घटना थम नही रही हैं फिर सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्ति फिर घायल

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में लगातार इजाफा हुआ है एक सप्ताह के अंदर में छः लोग अब तक सड़क दुर्घटना में अपना जान गंवा चुके हैं लेकिन सड़क दुर्घटना में थमने का नाम नहीं ले रहे हैं मिली जानकारी अनुसार ग्राम अमलीडीह में एबीस कंपनी के पास रात 11.30 बजे के पास डेविड यादव , दीपचंद पटेल , व खेमचंद पटेल अपने मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक ष्टत्र08क्त4331 से वे भी झंकार ढाबा जा रहे थे उनके मोटर सायकल को डेविड यादव चलाते जा रहा था कि रात्रि 11.30 बजे अमलीडीह साहू पेट्रोल पंप के पास पहूंचे थे कि सफेद रंग की कार क्रमांक ष्टत्र04ख्0009 के चालक जो अर्जुनी की ओर से आ रहा था जो तेज रफ्तार लापरवाही पुर्वक चलाते लाकर डेविड यादव के मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्र0 ष्टत्र08क्त4331 को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया , जिससे डेविड के दाहिने पैर , दीपचंद के दाहिने पैर व खेमचंद के दाहिने पैर व दाहिने हाथ मे चोंट लगी व कार चालक डोंगरगांव की ओर ले भागा गया है ।

# फर्जी तरीके से जमीन रजिस्ट्री मामले में संलिप्त लोगों पर हो सकती है सख्त कार्यवाही

## मितानिन व्दारा किए गए फर्जीवाड़े पर विभाग मौन क्यों?, फर्जीवाड़ेका अबतक पुलिस को सुचना नहीं? ,विभागीय जांच होने पर दोषियों पर हो सकती है कठोर कार्यवाही?

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बोईरडीह में हुए जमीन रजिस्ट्री पर उठ रहा सवालिया निशान ? जहां एक भाई व चाचा भतीजा मिलकर बहन की जमीन हड़पने दिया फर्जी तरीके से खेल को अंजाम। गांव के ग्रामीणों में उठ रहा आवाज आखिर कैसे हो गया जमीन की रजिस्ट्री बगैर ज़मीन मालिक के किसी और के नाम। ज़मीन के फर्जी रजिस्ट्री में संलिप्त लोगों ने रची साजिश का हो गया पर्दाफाश जिसके चलते नगर से लेकर ग्राम पंचायत के चौक चौराहों पर चर्चा हो रहा आम विभागीय अधिकारियों से कार्यवाही की मांग।

उल्लेखनीय हैं कि मामला फर्जी तरीके से रजिस्ट्री से जुड़ा हुआ है जहां विभागीय अधिकारी किसी शिकायत को लेकर अबतक मौन नजर आ रहे हैं ऐसे में रजिस्ट्री जैसे संवेदनशील मामला जो विभाग की पोल खोलकर रख दी है। जहां एक विवाहित बहन को बगैर किसी सुचना दिए व उनके गैरमौजूदगी में घर की बहू उप पंजीयक कार्यालय पहुंचकर कमला बाई के आधार कार्ड को लेकर अपना बताकर शासन प्रशासन के आंखों में धूल झोंककर ज़मीन रजिस्ट्री में सीमा साहू ने हस्ताक्षर किया। वहीं क्रय विक्रय में शामिल गवाह लखन साहू और सरजू साहू ने बहू सीमा साहू को कमला बाई बना दिया। अब पोल खुलने के बाद बहन कमलाबाई को किसी भी प्रकार के शिकायत न करने की हिदायत मिल रही है । यदि किसी प्रकार कोई शिकायत की जाती है तो मायके में मान सम्मान नहीं करेंगे और कई प्रकार के ऐसे दबाव बनाया जा रहा है जिससे कमला बाई सहमी हुई है और चाह कर भी शिकायत नहीं कर पा रही है।

**पटवारी व्दारा दिए जाने वाले चौहद्दी पर भी बना सवालिया निशान ?**

पटवारी से मिलने वाले चौहद्दी को परिजनों ने लिया व जिस तत्कालीन पटवारी ने परिजनों में सुलाह करवाई वो मिडिया को कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं? हमारे संवाददाता ने तत्कालीन पटवारी रहे महिला पटवारी से मामले को लेकर जानना चाहा जिसके लिए उनके बैठने वाले दफ्तर में मुलाकात न होने की स्थिति में 3 से 4 बार फोन लगाया गया जहां कोई जवाब न मिलने पर व्हाट्सएप के माध्यम से मामले की जानकारी लेना चाहा लेकिन मैडम जी हैं कि मामले का जवाब देने से बचते दिख रहे हैं? वहीं जानकारों से मिली जानकारी अनुसार किसी भी व्यक्ति के जमीन की चौहद्दी के लिए भूस्वामी को स्वयं लेना होता है जो इस मामले में देखने को नहीं मिला जिसके चलते ही माना जा सकता है कि इतने बड़े फर्जी वाड़े को अंजाम दिया गया? वहीं कमला बाई का पर्चा व आधार कार्ड का फायदा उठाते हुए भाई चाचा भतीजा ने छाया प्रति लेकर ज़मीन बिक्री के लिए अर्जिनवीस से दस्तावेज गवाहों के साथ उप पंजीयक कार्यालय में घर की बहू सीमा साहू जो गांव में मितानिन हैं वे रजिस्ट्री में अपना फोटों खिंचवाकर व हस्ताक्षर कर फर्जी कमला बाई बन गई । जब मामला उजागर हुआ तो परिजन अधिकारियों के दफ्तर का चक्कर काटते नजर आ रहे हैं जहां इनके व्दारा किए गए फर्जी काम का अभयदान मिल सके किन्तु यह कार्य क्षमा योग्य नहीं। वहीं अर्जिनवीस बनाने वाले एलेश्वर दास साहू दस्तावेज लेखक ने माना कि उनसे यह कार्य गलत हुआ है वहीं अपने सफाई में एलेश्वर दास साहू ने गवाहों के मत्थे जड़ते हुए कहा आधार कार्ड और जमीन की कागज जैसे बी 1 नकल चौहद्दी के हिसाब से रजिस्ट्री पेपर तैयार की गई जिसमें क्रेता विक्रेता और दो गवाहों की उपस्थिति में तैयार दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्री किया गया। क्रेता विक्रेता की पहचानकर्ता दो गवाहों के आधार पर फर्जी हुआ है जिसके जिम्मेदार गवाही देने वाले होंगे।



ज़मीन रजिस्ट्री में हुआ खेला बहन के हिस्से की ज़मीन बहू ने किया हस्ताक्षर तो हो गया ज़मीन बिक्री

**इतने बड़े फर्जीवाड़े की सुचना पुलिस को नहीं**

अबतक इस मामले को लेकर उप पंजीयक कार्यालय व्दारा पुलिस को सुचना न देना बहुत कुछ दर्शाता है क्योंकि विभाग व्दारा कोई कदम न उठाना ऐसे लोगों के हौसले बुलंद करने से कम नहीं ऐसे में यह कहना ग़लत नहीं होगा कि विभाग का हांथ इस फर्जी वाड़े में शामिल न हो जिसके चलते ही दोषियों को बचाने का प्रयास कर खानापूर्ति करने में लगे नजर आ रहे हैं?

**रजिस्टार ऑफिस**

उप पंजीयक कार्यालय में पदस्थ रजिस्टार मैडम, मामले की गंभीरता को देखते हुए मौखिक रूप में यह बताया कि ज़मीन पर हुए रजिस्ट्री की जानकारी मिली जिसमें पता चला है कि रजिस्ट्री में मौजूद कमला बाई के जगह किसी और ने कमला बाई बनकर हस्ताक्षर किया जो नियम विरुद्ध है। जिसकी सुचना अपने विभागीय डीएम को सुचित किया गया है वहीं बहुत जल्द ऐसे लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई जाएगी?। सर्व ब्राह्मण समाज नवयुवक मंडल के द्वारा श्री परशुराम जन्मोत्सव पर बाइक रैली निकाला गया।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com